Sanjeevani Multispeciality Hospital

संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

हेल्थकेयर क्षेत्र में सुनहरा भविष्य

आज ही संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल से नर्सिंग कोर्स करें और पायें एक सफल करियर की गारंटी।

4 साल से लगातार सफलतापूर्ण कोर्स संपूर्ण

ADMISSION OPEN 2026-27

उपलब्ध कोर्स: OT TECHNICIAN | X-RAY TECHNICIAN | NURSING COURSE | DIALYSIS TECHNICIAN | PATHOLOGY TECHNICIAN

संजीवनी इंस्टीट्यूट क्यों चुने? अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण | अनुभवी स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण | रेगुलर क्लासेस व प्रैक्टिकल | ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस से सीखने का मौका | 100% प्लेसमेंट सहायता

एडमिशन के लिए संपर्क करें 9340801080, 8602259351 | संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम (छ.ग.)



प्रवेश प्रारंभ

B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.

AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)

नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

मो.न. - 8103982557


## खबर संक्षेप

### बाड़ी से महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम चेरीडीपा सावित्रीपुर से एक व्यक्ति के घर बाड़ी से सांकरा पुलिस ने महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर आरोपी मनोज लहरे पिता मानसाय लहरे (32 साल) चेरीडीपा सावित्रीपुर के घर बाड़ी से करीब 25 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत करीबन 5000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### पुराने विवाद को लेकर बुजुर्ग से मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर बुजुर्ग के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध तेंदूकोना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम कोटादादर के फूलसिंग ध्रुव ने बताया कि 19 जून की शाम करीबन 6 बजे वह रंगमंच के सामने ग्राम कोटादादर में खड़ा था, उसी समय उसका पुत्र तीजराम ध्रुव व गांव के कौशिक ध्रुव, प्रेम ध्रुव, लोकनाथ ध्रुव आए और पुराने विवाद को लेकर मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

कार्रवाई : अवैध रेत उत्खनन पर एसपी का सख्त रोडमैप तैयार

# माफियाओं पर पुलिस का शिकंजा तीन दिनों में आठ हाइवा रेत जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ अब केवल खनिज विभाग ही नहीं, बल्कि पुलिस विभाग भी पूरी सख्ती के साथ मैदान में उतर गया है। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देश और मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने पिछले तीन दिनों में धमतरी और पोखरा रोड की ओर से अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहे 08 हाईवा ट्रकों को पकड़कर जब्त किया है। पुलिस टीम ने सभी वाहनों को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया है। साथ ही आगे की वैधानिक और दंडात्मक कार्रवाई के लिए खनिज विभाग और राजस्व विभाग को विस्तृत प्रतिवेदन भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने जिले में सक्रिय रेत माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए विशेष रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण में शामिल लोगों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा आकस्मिक जांच अभियान भी तेज कर दिए गए हैं। अब तक अवैध रेत खनन और परिवहन के मामलों में मुख्य रूप से खनिज विभाग ही समय-समय पर कार्रवाई करता रहा है, लेकिन पुलिस विभाग की सक्रिय भागीदारी के बाद रेत कारोबार से जुड़े अवैध नेटवर्क में खलबली मच गई है। लगातार हो रही पुलिस कार्रवाई से रेत माफियाओं और अवैध परिवहन में लगे वाहन संचालकों में खौफ साफ दिखाई देने लगा है।

**बर्दाश्त नहीं होगा अवैध कारोबार-** पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध उत्खनन, परिवहन अथवा भंडारण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आने वाले दिनों में भी पुलिस और संबंधित विभागों के संयुक्त अभियान के तहत ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। सूत्रों के मुताबिक पुलिस विभाग की बढ़ती सक्रियता से अवैध रेत कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगने की उम्मीद बढ़ी है। आने वाले समय में रेत माफियाओं के खिलाफ और भी बड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है।



## लखना में रात 3 बजे से शुरू हो जाता है अवैध रेत उत्खनन का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर से मात्र 3 किमी दूर महानदी के ग्राम लखना में रात 3 बजे से अवैध रेतउत्खनन का खेल शुरू हो जाता है जो सूर्योदय के साथ ही बंद भी कर दी जाती है। इस 3-4 घंटे की अवधि में कुछेक ट्रैक्टर लगाकर 20 से 25 हाइवा अवैध रेत डंप कर ली जाती है जिसे दिन भर में बेचा जाता है। यह सिलसिला बारिशकाल के उस अवधि में की जाती है जब शासन द्वारा जून की तारीख 15 से अक्टूबर की तारीख 15 तक पूरी तरह से प्रतिबंधित रहता है। यह सिलसिला पिछले कई सालो से चलने की जानकारी ग्रामीण सूत्रो ने दी है। इस अवैध उत्खनन के मामले में गांव के एक व्यक्ति एवं उनके साथ जुड़े कुछ लोगो का हाथ होना बताया जाता है। इस काले करतुत की जानकारी रखने वाले एक सभ्रांत युवा ने हरिभूमि को एक ताजा फोटो शनिवार को उपलब्ध कराया गया है जिसमें स्पष्ट रूप से डंप किया हुआ रेत नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन 40 ट्रैक्टर महानदी से रेत निकाल ली जाती हैं। प्रत्येक ट्रैक्टर दिनभर में 5 से 6 चक्कर लगाकर रेत परिवहन कर रहा है, जिसके चलते प्रतिदिन करीब 200 से 250 ट्रैक्टर रेत निकल जाता है। खास बात यह है कि ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ हर दिन निकाला जा रहा 200 ट्रैक्टर रेत





# दो बाइक की आपस में टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा से फिर एक बार दुर्घटना की बड़ी खबर सामने आई है। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मामला नवापारा थाना क्षेत्र का है। बताया गया है कि ग्राम पटेवा निवासी जानूसिंग ध्रुव 38 वर्ष मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहा था। दोपहर करीब 12.30 बजे एफसीआई गोदाम कलाम कोठी के पास, पीछे से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 23 एन 4287 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जानूसिंग ध्रुव गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। पुलिस ने पोस्टमार्टम तथा परिजनों के बयान दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। मालूम हो कि इस शहर में रोज कुछ न कुछ घटना-दुर्घटना हो रही है बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे है, तेज रफ्तार में गाड़ी चला रहे है। यहां तक कि मोड़ वाले सड़क अथवा भीड़-भाड़ वाले जगह में भी अपनी रफ्तार कम नही करते और दुर्घटना हो जाती है। शनिवार को ही इंदिरा मार्केट बाजार के सामने एक सभ्रांत परिवार की महिला अपनी स्कूटी तेज रफ्तार में दौड़ाते चल रही थी जो संभाल नही पा रही थी बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। सामान्यतः देखा जाता है कि युवतियां अथवा महिलाएं पता नही ब्रेक क्यों नही लगाती? दोनो पैर से सड़क पे घिसटते हुए अपनी दोपहिया को रोकने की कोशिश करती है। लेकिन ब्रेक तो ब्रेक होता है पैर से गाड़ी कैसे रूक जाएगी ? इस पर भी युवतियो को ध्यान देने की जरूरत है वर्ना किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना होने से इंकार नही किया जा सकता।

## बगैर ब्रांड के पेय पदार्थ और पानी की सप्लाई स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

**मैनपुर।** गर्मी के इन दिनों में छत्तीसगढ़ ओड़िशा सीमा से लगे मैनपुर देवभोग क्षेत्र के सीमावर्ती गांवों में इन दिनों बिना ब्रांड बगैर नाम के ठंडा पेय पदार्थ और बोतलबंद पानी की सप्लाई हो रही है जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। दूरस्थ वनांचल सीमावर्ती इलाकों में ओड़िशा प्रदेश से लाकर बिना लेबल वाले डिब्बाबंद पानी को्ड्रिंग कम दामों में बेचा जा रहा है जिसकी शिकायत कुछ ग्रामीणों द्वारा सुशासन तिहार के दौरान स्थानीय अधिकारियों से किया गया था लेकिन अब तक इस मामले में कार्यवाही नहीं हुई है। संबंधित विभाग को चाहिए कि ओड़िशा सीमा से लगे ग्रामों में इसकी सघन जॉच कर कार्यवाही किया जाए ताकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो सके।

# उप जेल के पीछे चल रहे जुए के फड़ पर पुलिस की दबिश, आठ जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले में जुआ-सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 8 हजार 770 रुपये नकद और 52 पत्ती ताश जब्त की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 जून को थाना प्रभारी गरियाबंद एवं स्पेशल टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम आमदी स्थित उप जेल गरियाबंद के पीछे कुछ लोग रुपये-पैसों का दांव लगाकर 'काट पत्ती' नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर कुछ लोग भाग निकले, जबकि आठ जुआरियों को मौके से पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में मिथलेश ध्रुव (27) निवासी आमदी, राम ध्रुव (19) निवासी कोदोबत्तर, तुकाराम ध्रुव (48) निवासी आमदी, कुलेश्वर ध्रुव (27) निवासी आमदी, महेश ध्रुव (34) निवासी आमदी, रूमेश ध्रुव (25) निवासी तवरबाहरा, हेम कुमार ध्रुव (28) निवासी मजरकट्टा तथा हेमलाल दीवान (35) निवासी आवासपारा आमदी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के सामूहिक फंड एवं कब्जे ▶▶|शेष पेज 12 पर

# बस स्टैंड पर गुम हुई महिला की चांदी की करधन को महज 20 मिनट में ढूंढ निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आमतौर पर पुलिस की चर्चा अपराधियों की धरपकड़, जांच या कानून व्यवस्था को लेकर होती है, लेकिन गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना की पुलिस ने ऐसा काम किया है जिसकी इलाके में खूब चर्चा हो रही है। लोग मजाक में कह रहे हैं कि /"आजकल खोई हुई चीजें भी पुलिस से डरकर जल्दी मिल जा रही हैं। मामला मैनपुर बस स्टैंड का है, जहां गौरघाट निवासी श्रीमती डोगेश ध्रुव अपनी चांदी की करधन लेकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान उनकी करधन कहीं गिरकर गुम हो गई। काफी तलाश के बाद भी जब करधन नहीं ▶▶|शेष पेज 12 पर


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों से 12वीं के उपरांतों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) मॉस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपपेज हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी असिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल इंगग | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| नवापारा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोण्डागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12वीं कक्षा में न्यूनतम प्रतिशत :** अनुसूचित जाति 40%, अनुसूचित जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक

**दिव्यांगों सैनिक/स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।**

**नोट :-**

1. आवेदन निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरें। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिखकर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा प्राप्त तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा।
2. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं वे अपने परिणाम की ऑनलाइन प्रति लगाकर आवेदन कर सकते हैं।
3. स्थानीय उम्मीदवारों को सीटें मैरिट द्वारा काउन्सलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंन्सलिंग के लिए पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
6. प्रवेश केवल निर्धारित प्रक्रिया (काउंन्सलिंग) द्वारा होगा। किसी भी प्रकार का सीधा प्रवेश अवैध/अमान्य है।

**डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 10/07/2026 तक    कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :- 31/07/2026 तक**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, महिन्द्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास संजीवनी हॉस्पिटल गोबरा नवापारा रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन- 493881

महोदय,

(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूं?

1. आवेदक का नाम..............................2. पिता/पति..............................
3. जन्म तिथि अंकों में..............................4 वर्ग :- अनुसू. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता- ग्राम..............................पोस्ट..............................तहसील..............................
..............................जिला..............................पिन कोड [ ]
मो. नं. 1..............................मो. नं. 2..............................वाट्सअप नं..............................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं..............................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881

NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक- 36989


ऑपरेशन तलाश की समीक्षा, गुमशुदा मामलों के जल्द निराकरण के निर्देश

# तकनीक से सुधरेगी विवेचना की गुणवत्ताः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद







पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने जिले में संचालित 'ऑपरेशन तलाश' के तहत गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों की समीक्षा करते हुए सभी विवेचकों को लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान आधुनिक और डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ई-साक्ष्य पोर्टल, समाधान ऐप, मेडलैपर तथा ई-प्रॉसिक्यूशन प्रणाली के संबंध में तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक ने जिले में दर्ज सभी गुमशुदगी प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबे समय से लंबित मामलों में विशेष टीम गठित कर शीघ्र दस्तयाबी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में विवेचकों को ई-साक्ष्य पोर्टल के माध्यम से डिजिटल साक्ष्यों के सुरक्षित संकलन, संरक्षण और न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। वहीं, समाधान ऐप के जरिए आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं पारदर्शी पुलिसिंग को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

**मेडलैपर और ई-प्रॉसिक्यूशन से थानों और कोर्ट के बीच बढ़ेगा तालमेल-** इसके अलावा मेडलैपर के माध्यम से मेडिकल-लीगल केस (एमएलसी) और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की ऑनलाइन एंट्री एवं ट्रैकिंग तथा ई-प्रॉसिक्यूशन प्रणाली के जरिए पुलिस और अभियोजन विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर केस डायरी और चालान प्रस्तुत करने की डिजिटल प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तकनीक आधारित पुलिसिंग से न केवल विवेचना की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि मामलों के त्वरित और प्रभावी निराकरण में भी मदद मिलेगी।

## खबर संक्षेप



### पंचकोशिय धाम गौशाला से पूजा कर निकाली गौरथ

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग द्वारा गांव-गांव में गौ रथ अभियान प्रारंभ किया गया है जिसको लेकर 20 जून को पंचकोशी धाम गौशाला फिंगेश्वर के द्वारा विभिन्न ग्रामों के लिए गौ रथ निकाला गया। पंचकोशी धाम के समस्त सदस्यों द्वारा प्रथम दिन मौली माता की पूजा अर्चना किया। नगर पंचायत के अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी एवं पार्षद चांदनी कश्यप, चंचल यदु के द्वारा रथ को हरी झंडी दिखा गांवों के लिए रवाना किया गया। मौली पारा के श्रीमती गंगाबाई ध्रुव का गौ सेवा के रूप में सम्मान किया गया। तत्पश्चात रथ यात्र दर्रीपार शिव मंदिर में पहुंचकर के सभा ली गई जिसमें ग्राम के बहुत सारे महिलाएं आरती उतारी एवं प्रसाद प्राप्त किया। प्रथम उद्बोधन कृपाराम यादव ने कहा कि आज गौ माता की गोबर के द्वारा खेती करना बहुत आवश्यक है। एक मोटरसाइकिल ट्रैक्टर है लेकिन एक गाय नहीं है। तत पश्चात एच एल साहू ने कहा कि सच में गौ माता बहुत ही पूजनीय है। वेदों में शास्त्रें में उसका उल्लेख है। हमें उनका सम्मान करना चाहिए। तत्पश्चात डॉ. चंद्रशेखर हरित ने कहा कि गांव-गांव में समिति बननी चाहिए। उन्होंने पैरा को आग लगाने के लिए मना किया और यह भी कहा कि गाय को कोई बेचे तो उसे पकड़ना चाहिए। कार्यक्रम के संचालन रामू और राम साहू ने किया।रथ में जागेश्वर शरण,ओमप्रकाश शरण, परस शरण,अध्यक्ष जगदीश राम साहू, कृपाराम यादव, अशोक कुमार साहू, विशाल साहू, सुकालु राम साहू, नारायण साहू, कृष्णा साहू आदि शामिल हुए।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर वरिष्ठ शिक्षाविदों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण करने पर भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा शहर में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ शिक्षाविदों एवं शिक्षकों के निवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया गया। भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी केआर चंद्राकर सहित वरिष्ठ शिक्षकों कुसुम शर्मा, खेलूराम चंद्राकर, सतीश पांडेय, आनंद तिवारी पौराणिक तथा आरके श्रीवास्तव का फल, गमछा एवं तिलक लगाकर सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविदों ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक पहल की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ महासमुंद के जिला सहसंयोजक विष्णु चंद्राकर, कार्यसमिति सदस्य चंद्रशेखर गौर तथा सह-कोषाध्यक्ष सुरेंद्र अग्निहोत्री उपस्थित रहे।

### नया जीवन नशा मुक्ति केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन

**रायपुर।** नया जीवन नशा मुक्ति केंद्र गोकुल नगर में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नशा मुक्ति केंद्र के मरीजों एवं संस्थान के कर्मचारियों एडिक्शन काउंसलर प्रशांत मिश्रा, सेंटर इंचार्ज संदीप राय एवं गौरव राठौर, दुर्गेश ठाकुर सहित 15 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

---

**विडंबना : अति जर्जर हो चुका है भवन**

# भवन विहीन आंगनबाड़ियों के भरोसे नौनिहालों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की शुरुआत शिक्षा का आधार होता है, यहां से बच्चे अपने शिक्षा जीवन का ककहरा सीखते हैं,यही वजह है कि आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों की नर्सरी कहा जाता है। यहां बच्चों को सुपोषित करने के साथ साथ बुनियादी तालीम दी जाती है। ग्राम पंचायत रूवाड के आश्रित ग्राम लादाबाहरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 आज 4 वर्षों से भवन अति जर्जर हो चुका है। नौनिहालों को एक समुदायिक भवन में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। इसी कड़ी में ग्राम सेम्हरा में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण एक वर्ष हो चुका है मगर अभी तक छज्जा लेवल हुआ है। इसके चलते मजबुरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने ही घर पर केन्द्र संचालित कर रही है। साथ ही ग्राम कुडेरादादर केन्द्र क्रमांक 02 आंगनबाड़ी भवन निर्माण का प्रगति छत ढलाई हो चुका है, और ग्राम पंचायत मेडकीडबरी का आश्रित ग्राम सुरगपानी में आंगनबाड़ी केंद्र अतिरिक्त कमरे में संचालित किया जा रहा है। यहां का भवन निर्माण छज्जा लेवल तक कार्य हुआ है। क्षेत्र में कई जगहों पर आंगनबाड़ी केंद्र सामुदायिक, अतिरिक्तभवन और निजी घरों में संचालित किया जा रहा है। क्योंकि नव निर्मित आंगनबाड़ी भवन एक से दो वर्ष के बाद भी पूर्ण नहीं हुआ है। आंगनबाड़ी केंद्र के भवन इतने जर्जर हो चुके हैं कि वे उपयोग करने योग्य नहीं है।



### जल्द से जल्द समाधान की जरुरत

भवन के अभाव में जहां केंद्र संचालित हो रही है वहां पर खेलने का स्थान, स्वच्छ शौचालय, और पर्याप्त जगह की कमी हो रही है। शिक्षा और विकास पर प्रभाग, सुविधाओं की कमी के कारण बच्चों की शिक्षा और विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव पड रहा है। स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और पूरक पोषण जैसी स्वास्थ्य और पोषण सेवाएं भी बाधित हो सकती है। यह स्थिति चिंताजनक है और जल्द से जल्द समाधान की आवश्यकता है। ताकि बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में शिक्षा और पोषण सेवाएं मिल सकें। मालूम हो कि ग्राम पंचायत रसेला के पारा लाढनपारा में भी नव निर्मित भवन का कार्य भी एक वर्ष से चल रहा है। बाल विकास परियोजना अधिकारी छुरा सी एल साहू ने बताया कि लादाबाहरा के लिए भवन की मांग शासन से किया गया है,जो जल्द स्वीकृति हो जाएगा। और नव निर्मित आंगनबाड़ी भवन निर्माण का कार्य पंचायतों को एजेंसी दिया गया है।

---



### गौरीशंकर ने राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा का किया स्वागत

मैनपुर। राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने के बाद लक्ष्मी वर्मा पहली बार देवभोग पहुंची तो जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने गुलदस्ता भेटकर उनका स्वागत किया और क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण मांगों से उन्हे अवगत कराया।

### योग दिवस के पूर्व योगाभ्यास का आयोजन




**राजिम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्रीड़ा भारती द्वारा 20 जून को योगाभ्यास का आयोजन क्रीड़ा भारती जिला के योग प्रमुख चित्रलेखा नागेश ने योग के गुण राजिम कालेज खेल स्टेडियम में सुबह सिखाया गया। योग का प्रशिक्षण रोज सुबह 6 से 7 बजे तक खेल स्टेडियम में रोजना कराया जाता है। जिसका लाभ खिलाड़ी लेते है। इस कार्यक्रम में खिलाड़ी सहित क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष शरद पारकर , पुरन यादव , रमेश पटेल, प्रेमसिंग नागेश, निराली यादव, ओमप्रकाश साहू, कुकुम लता साहू, इशिता शामिल हुए। जिला अध्यक्ष शरद पारकर ने बताया कि आज 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व विगत सालों से क्रीड़ा भारती के द्ववारा हर साल अभ्यास कराया जाता है। जिसका उद्देश्य योग से लोगो को जोड़ना है ताकि शारिरिक ,मानसिक, ओर आध्यात्मिक लाभों के प्रति जागरूक करना है। ओर उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने कें लिए प्रेरित करना है।

---

## नवपदस्थ सीईओ अनिल का सरपंच संघ ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

जनपद पंचायत फिंगेश्वर में नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्री अनिल सिंह के पदभार ग्रहण करने पर फिंगेश्वर विकासखंड के सरपंच संघ द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू के नेतृत्व में विकासखंड के सभी सरपंचों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा सफल कार्यकाल की मंगलकामना की। इस अवसर पर फिंगेश्वर विकासखंड के 71 ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान पंचायतों के विकास, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं ग्रामीण क्षेत्रें की समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)आवास प्लस 2.0 सर्वे के अंतर्गत तैयार की गई सूची के अनुमोदन हेतु आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया।सरपंचों को ग्राम सभा के सफल आयोजन,पात्र हितग्राहियों की सूची के सत्यापन,ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू ने कहा कि ग्राम सभा लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है तथा आवास योजना के पात्र हितग्राहियों के चयन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से हितग्राही परिवार को मिला 2 लाख का बीमा लाभ

**महासमुंद।** केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत ग्राम पंचायत छिबर्रा निवासी स्वर्गीय जमुना बाई दीवान के नामांकित हितग्राही को 2 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई। जमुना बाई दीवान का 28 मार्च को निधन हो गया था। उनके नाम से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा पिथौरा में बैंक खाता संचालित था, जिसमें किशन दीवान को नॉमिनी के रूप में नामांकित था। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत सामान्य मृत्यु होने पर पात्र नॉमिनी किशन दीवान को 2 लाख की बीमा सहायता राशि स्वीकृत कर प्रदान की गई। इस सहायता राशि से परिवार को आर्थिक संबल प्राप्त हुआ है। बीमा दावा प्रक्रिया के सफल निराकरण में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा पिथौरा के शाखा प्रबंधक ज्ञान रंजन खुटे का विशेष योगदान रहा। साथ ही जनपद पंचायत के अधिकारी डीएल बरिहा बीपीएम, कृष्णा दीवान पीआरपी, आबिद अली एफएलसीआरपी, गायत्री यादव एवं बैंक मित्र पद्मा पैकरा द्वारा भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। जिला अग्रणी बैंक कार्यालय, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता एवं जनजागरूकता शिविरों के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## विप्र भवन में हुआ शव फ्रीजर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

शनिवार को शहर के विप्र भवन में एक सादे एवं गरिमामय समारोह के बीच शव फ्रीजर (शव संरक्षण फ्रीजर) का लोकार्पण किया गया। यह शव फ्रीजर स्वर्गीय गेंदलाल मिश्रा परिवार, परेवाडीह-राजिम की स्मृति में उनके नाती-पोतों अमित मिश्रा एवं राहुल शर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज को भेंट किया गया। इस अवसर पर नवापारा ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा ने कहा कि किसी भी परिवार में मृत्यु होने पर दूर-दराज में रहने वाले परिजनों के आने तक पार्थिव शरीर को सुरक्षित रखने की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में शव फ्रीजर अत्यंत उपयोगी साबित होता है। समाज को प्रदान किया गया यह शव फ्रीजर जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत का माध्यम बनेगा और मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा। उल्लेखनीय है कि 19 अप्रैल को भगवान श्री परशुराम जयंती के अवसर पर विप्रकुल नवापारा ब्राह्मण समाज द्वारा शहरवासियों के लिए मोक्ष रथ का लोकार्पण राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा के करकमलों से हुआ था। अब शव फ्रीजर की उपलब्धता से अंतिम संस्कार से जुड़ी आवश्यक सेवाओं का दायरा और अधिक मजबूत हो गया है। ब्राम्हण समाज की यह पहल जनसेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को दर्शाती है। समाज के अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि मोक्ष रथ और शव फ्रीजर दोनों सुविधाएं आमजन के लिए उपलब्ध रहेंगी।





**मोक्ष रथ के बाद शव फ्रीजर की उपलब्धता से मजबूत हुई अंतिम सेवा–** ब्राह्मण समाज की इस पहल को शहर में व्यापक सराहना मिल रही है। मोक्ष रथ के बाद शव फ्रीजर की व्यवस्था ने यह संदेश दिया है कि सामाजिक संगठन केवल धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों तक सीमित न रहकर मानव सेवा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जरूरतमंदों की सहायता के लिए उपलब्ध कराई गई यह सुविधा निश्चित रूप से समाज के लिए एक अनुकरणीय और जनकल्याणकारी कदम साबित होगी। इस अवसर पर ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा, पूर्व अध्यक्ष श्यामकिशोर शर्मा, समाजसेवी कैलाश शुक्ला, पालिका के पूर्व सभापति रमेश तिवारी, राहुल शर्मा, अमित मिश्रा, मनहरण शर्मा, कैलाश तिवारी, गुड्डू मिश्रा, दिनेश तिवारी, पीयूष शर्मा, महिला ब्राम्हण समाज की अध्यक्ष रेखा तिवारी, कोषाध्यक्ष सुभाषिनी शर्मा, तनु मिश्रा सहित समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। शव फ्रीजर उपलब्ध कराए जाने पर राहुल शर्मा, अमित मिश्रा का सम्मान मेमोंटो भेंटकर किया गया।

---

## महिलाओं के लिए हुई थर्मल मैमोग्राफी और पैप स्मीयर जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 211वीं वाहिनी मुख्यालय थनौद में शनिवार को निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कमांडेंट विजय प्रताप के मार्गदर्शन एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. देविनैनी तपस्विनी के नेतृत्व में आयोजित शिविर का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों, जवानों एवं उनके परिवारजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर में 211वीं वाहिनी के चिकित्सा दल तथा रायपुर के संजीवनी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। कैंसर की प्रारंभिक पहचान एवं बचाव को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं के लिए निःशुल्क थर्मल मैमोग्राफी एवं पैप स्मीयर जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही एनीमिया, मोटापा नियंत्रण, संतुलित आहार एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान हीमोग्लोबिन, आयरन प्रोफाइल एवं सीबीसी जांच हेतु रक्त नमूने भी लिए गए। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने पैलिएटिव केयर के महत्व पर भी प्रकाश डाला। शिविर में डॉ. अर्पण चतुरमोथा, डॉ. अदम्या गुप्ता, डॉ. अविनाश तिवारी, डॉ. विनिता देवांगन, डॉ. निशा गुप्ता एवं डॉ. दामिनी चंद्रा सहित चिकित्सा एवं लैब स्टाफ ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



### दुबेलाल भाजपा किसान मोर्चा के गरियाबंद जिला प्रभारी नियुक्त

**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र एवं भाजपा मंडल कोमाखान के ग्राम अमेरा निवासी भाजपा कार्यकर्ता एवं किसान नेता दुबेलाल साहू को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा महत्वपूर्ण संगठनात्मक दायित्व सौंपते हुए गरियाबंद जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। दुबेलाल लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी एवं किसान मोर्चा के सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। कार्यकर्ताओं की मानें तो पहली बार कोमाखान अंचल के किसी साधारण एवं जमीनी कार्यकर्ता को गरियाबंद जैसे जिले की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने मिठाई बांटकर प्रसन्नता व्यक्त की।

---

**अभावों को मात देकर जिले का नाम रोशन कर रही हैं जमाही गांव की दो सगी बहनें**

# कच्चे मकान में गूंज रही लावण्या-निधि की शास्त्रीय तान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

विश्व संगीत दिवस पर जहां एक ओर आज शहरों में चकाचौंध से भरे बड़े-बड़े आलीशान मंच सज रहे हैं, वहीं फिंगेश्वर विकासखंड के अंतिम आदिवासी बाहुल्य गांव जमाही में दो सगी बहनें एक झिल्ली से तने कच्चे छप्पर के नीचे बैठकर अपनी शास्त्रीय संगीत की कठिन साधना (रियाज) में लीन हैं। पिछड़ा वर्ग से आने वाले पिता राजकुमार यादव की संगीत विरासत को आगे बढ़ा रहीं इन बेटियों-लावण्या और निधि के आड़े गरीबी कभी दीवार बनकर नहीं खड़ी हो सकी। कच्चे घर की ढहती दीवारें, मानसून में छप्पर से टपकती बूंदें और आधुनिक संसाधनों की भारी तंगी के बीच भी इन बहनों की उंगलियां हारमोनियम पर थमती नहीं हैं। जब निधि के हाथ हारमोनियम की रीड पर तेजी से चलते हैं, तो लावण्या की बुलंद तान कच्चे छप्पर की हर दरार से टकराकर पूरे गांव में गूंज उठती है।

**अभावों को दरकिनार कर कड़ा अभ्यास, शिक्षा और संगीत में अनूठा संतुलन–** इन दोनों बेटियों की दिनचर्या में स्कूल की कॉपी-किताबें एक तरफ होती हैं, तो हारमोनियम दूसरी तरफ। दिनभर की स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद ये दोनों बहनें रोजाना घंटों कड़ा अभ्यास करती हैं। उनके पिता राजकुमार यादव स्वयं बेटियों के पहले गुरु और मार्गदर्शक बनकर उन्हें प्रतिदिन रियाज करने और पढ़ाई व संगीत के बीच समय का बेहतरीन संतुलन बनाने के व्यावहारिक सुझाव देते हैं। पिता के अलावा क्षेत्र के प्रबुद्ध व्याख्याकार परदेशी सिन्हा और शिक्षक यशवंत निर्मलकर भी इन बेटियों को शास्त्रीय संगीत के अनेक कठिन गुर सिखाकर पारंगत कर रहे हैं।



**बालिका मानस परिवार के मंच से बिखेर रहीं सुरों का जादू–** वर्तमान में ये दोनों बहनें 'बालिका मानस परिवार' के नाम से विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक मंचों पर उतरती हैं और गांव-गांव घूमकर अपनी समृद्ध लोक संस्कृति की अलख जगा रही हैं। बड़ी बहन लावण्या जहां शास्त्रीय गायन और नृत्य में माहिर है, वहीं छोटी बहन निधि हारमोनियम पर सुरों का अद्भुत संगम रचती है। मंच पर जब इन दोनों का प्रदर्शन शुरू होता है, तो उनकी कलात्मक परिपक्वता को देखकर कोई भी यह अंदाजा नहीं लगा सकता कि ये बेटियां झिल्ली तने एक अत्यंत साधारण छप्पर वाले घर से निकलकर आई हैं।

---

## पेज 11 के शेष...

### लखना में रात...

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेतउत्खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद लखना में महानदी से कथित रूप से लगातार रेत उत्खनन और परिवहन किए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार नदी से रेत निकालने के बाद उसे विभिन्न स्थानों पर डंप किया जाता है, जहां से जेसीबी मशीनों की सहायता से हाइवा वाहनों में भरकर अन्य क्षेत्रों में भेजा जाता है।

**समिति के नाम पर एंट्री फीस का दावा–** सूत्रों के मुताबिक इस पूरे कारोबार में दीपक नामक व्यक्ति की प्रमुख भूमिका बताई जा रही है। वहीं दूसरी ओर ग्राम विकास समिति के नाम पर प्रति ट्रैक्टर 3500 रुपये मासिक एंट्री फीस वसूले जाने का भी दावा किया जा रहा है। हालांकि इन आरोपों को लेकर संबंधित समिति एवं आरोपित पक्ष का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन, खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर उत्खनन प्रतिबंध अवधि में हो रहे कथित अवैध उत्खनन परिवहन एवं डंप पर तत्काल रोक लगाने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही नर्सरी क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए विशेष जांच कराने की भी मांग उठाई है। लगातार सामने आ रही शिकायतों, उत्खनन प्रतिबंध अवधि और नदी तट स्थित नर्सरी क्षेत्र में हो रहे कथित उत्खनन के आरोपों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई है। ऐसे में देखने वाली बात यह होगी कि जो व्यक्ति इसमें संलग्न है उन्हें क्या डंप करने का परमिशन मिला है?

### उप जेल के पीछे...

से कुल 8 हजार 770 रुपये नकद तथा 52 पत्ती ताश जब्त कर पंचनामा कार्रवाई की। सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध जुआ और सट्टा गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### बस स्टैंड पर...

मिली तो वे परेशान होकर थाना मैनपुर पहुंचीं। महिला ने अपनी समस्या थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक हरीश चंद ध्रुव को बताई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने वह रवैया नहीं अपनाया जिसकी शिकायत अक्सर लोग करते हैं, बल्कि तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। प्रधान आरक्षक हरीश चंद ध्रुव ने पेट्रोलिंग टीम को सूचना दी और उपनिरीक्षक दीप कुमार, आरक्षक अमर लाल नागेश के साथ मौके पर पहुंचकर खोजबीन शुरू की। पुलिस टीम ने बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्र में तलाश अभियान चलाया। पुलिस की सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि महज 20 मिनट के भीतर गुम हुई चांदी की करधन खोज निकाली गई। इसके बाद थाना परिसर में नियमानुसार महिला को उनकी करधन वापस सौंप दी गई।

खबर संक्षेप



## मैनपुर में जल संकट भीषण गर्मी में हफ्तेभर से प्यासा है आधा नगर

**मैनपुर**। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के एक पूरे मोहल्ले में पिछले एक सप्ताह से पेयजल समस्या से नगरवासियो को जुझना पड़ रहा है लेकिन इस गंभीर समस्या के समाधान की दिशा में ग्राम पंचायत द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है जिसके कारण इस भीषण गर्मी में लोगों को पीने का पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मैनपुर के तालाब किनारे ओवर हैडटैंक को पानी भरने के लिए जो मोटरपंप लगाया गया है वह जल गया है और खराब हो गया है जिसके कारण ओवर हैंड टैंक में पानी नहीं चढ़ पा रहा है और नगर के आधे मोहल्ले में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रहा है। इस भीषण गर्मी में मैनपुर नगर के लोगों को पिछले एक सप्ताह से पेयजल समस्या से जुझना पड़ रहा है। नगर के लोगों ने जनपद पंचायत मैनपुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मांग किया है कि गर्मी के सीजन को देखते हुए तत्काल लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने मोटर पंप का सुधार किया जाये। ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच श्रीमति हनिता नायक ने बताया इस वर्श 3-4 बार यह मोटरपंप जल चुका है सुधार के लिए भेजे है जल्द ही पेयजल व्यवस्था सुचारू हो जायेगी।

## हनुमान मंदिर का तीसरा स्थापना दिवस आज

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में 21 जून रविवार को जय वीर बजरंगबली हनुमान मंदिर का तीसरा स्थापना दिवस मनाया जाएगा। सुबह 11 बजे भगवान हनुमान की पूजा अर्चना की जाएगी। इस मौके पर विधिपूर्वक सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा।

## राटापाली में मरार पटेल समाज की बैठक आज

**नर्रा**। मरार पटेल समाज नर्राराज के अंतर्गत ग्राम राटापाली में सामाजिक बैठक 21 जून रविवार को प्रातः 10 बजे से होगी। बैठक में खल्लारी राज के समाज पदाधिकारी शामिल होंगे। यह जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी ललित पटेल ने दी है। साथ ही समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधुओं को उपस्थित होने की अपील की है।

### तैयारी : मैनपुर बीएमओ के नेतृत्व में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर

# बीहड़ पहाड़ी गांव ताराझर, मटाल पहुंचा स्वास्थ्य विभाग का अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत विशेष पिछड़ी आदिवासी कमार जनजाति ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के आश्रित ग्राम जो बीहड़ पहाड़ी के ऊपर बसा हुआ है ताराझर, कुरवापानी, मटाल स्वास्थ्य विभाग का अमला मानसून से पहले इस ग्राम मे पहुंचकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे दवा वितरण किया गया है। साथ ही मच्छरदानी और मलेरिया से बचाव संबंधी दवाईयों का वितरण करते हुए बारिश के दिनों में विशेष सावधानी बरतने की अपील किया है। ज्ञात हो कि पहाड़ी ऊपर बसे इस पहुंच विहीन ग्रामों में बारिश प्रारंभ होते ही मलेरिया का प्रकोप बढ़ जाता है यहां स्वास्थ्य सुविधा नहीं है जिसके कारण बारिश से पहले जिला चिकित्सा अधिकारी श्री नवरत्न के आदेशानुसार विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग का अमला ताराझर और कुरवापानी पहुंचे यहां 06 मलेरिया पाजीटिव पाए गए तत्काल एसीटी कीट से त्वरित उपचार दिया गया बाकी सामान्य सर्दी, खांसी, बुखार, कमजोरी के मरीजों को दवाई वितरण किया गया। दोनों ग्राम में 51 परिवारों को 100 मच्छरदानी वितरण किया गया 0 से 2 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण किया गया साथ ही ग्रामीणों को झरिया के पानी को उबालकर और छानकर पीने की सलाह दी गई एवं यह क्षेत्र में सर्पदंश की घटना को देखते हुए मच्छरदानी का उपयोग करने को कहा गया है।





### तत्काल सूचना देने की अपील

साथ ही घर के आसपास दवा छिड़काव के लिए सामाग्री वितरण किया गया। डॉ0 गजेन्द्र ध्रुव ने ग्रामीणों को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने के साथ ही तबीयत खराब की स्थिति पर इसकी सूचना तत्काल देने की अपील किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत सचिव प्रेमलाल ध्रुव, किसन लाल दीवान, सेक्टर पर्यवेक्षक ईशुलाल पटेल, सविता विश्वकर्मा, कुमुदनी ध्रुव, चंचल साहू, जयश्री राव, सुचित्र नागेश, रामकृष्ण टंडन, मोहन प्रसाद साहू, रंजित दीवान, प्रितेश सिन्हा, डायसिंग ध्रुव, हेमंत बाम्बोड़े, रूखमणी सोरी एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित थे।

# मां मातंगी दिव्य धाम पहुंचे मंत्री केदार कश्यप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर के समीप ग्राम जामगांव स्थित मां मातंगी दिव्य धाम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मां मातंगी, मां छिन्नमस्ता एवं मां बगलामुखी के दिव्य दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। धाम पहुंचने पर पीठाधीश्वर डॉ. प्रेम साई महाराज ने मंत्री श्री कश्यप का आत्मीय स्वागत कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर धर्म, संस्कृति, समाज सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा भी हुई। मंत्री श्री कश्यप ने धाम में संचालित आध्यात्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक केंद्र भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पीठाधीश्वर डॉ. प्रेम साई महाराज ने मंत्री श्री कश्यप के सफल जनसेवा कार्यों, उज्ज्वल भविष्य एवं प्रदेश की निरंतर प्रगति के लिए मां भगवती से मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का आध्यात्मिक स्थलों से जुड़ाव समाज में सकारात्मक ऊर्जा, नैतिक मूल्यों और लोककल्याण की भावना को मजबूत करता है। इस अवसर पर नारायणपुर के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अभिषेक बेनर्जी सहित धाम परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# किसान सम्मान निधि कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा के कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आज कृषि विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजनातर्गत 23वीं किस्त के हस्तांतरण के अवसर पर किसानों को कार्यक्रम का लाईव प्रसारण प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर किसान सम्मान निधि की राशि जारी होने पूर्व भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को कहा कि आज का दिन हमारे अन्नदाताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों के खातों में राशि जारी होने पर मैं आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं। यह योजना किसानों की आर्थिक मजबूती और कृषि विकास के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ देश के करोड़ों किसान उठा रहे हैं। किसान सम्मान निधि की यह राशि किसानों को खेती-किसानी के कार्यों, बीज, खाद तथा अन्य आवश्यक कृषि जरूरतों को पूरा करने में सहायता प्रदान करेगी। हमारे किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके परिश्रम से ही देश खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बना है। सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को आधुनिक बनाने और ग्रामीण विकास को गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेश शर्मा प्रशिक्षण प्रमुख भाजपा जिला गरियाबंद, एवं विशिष्ट अतिथि रामदास वैष्णव, किसान मोर्चा जिला प्रवक्ता भाजपा, डाकेश्वर नेगी जिला उपाध्यक्ष अजजा मोर्चा गरियाबंद नंदनी नेताम प्रदेश मंत्री अनुसूचित जन जाति मोर्चा, कुमारी बाई पटेल प्रदेश किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य जनपद सदस्य मैनपुर एवं विशेष रूप से उपस्थित क्षेत्र के कृषक पवन पटेल, उत्तम पटेल, पंच राम पटेल, शोभा राम, तिलक राम, प्रभु, रमेश,पति राम, कृषि सखी आदि विभाग से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री जेएन नाग, मति पदमा ध्रुव विषय वस्तु विशेषज्ञ, शशिकांत पटेल, अभिषेक साहू, रितेश साहू ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, दुष्यंत, ओमप्रकाश,जीवन, छबि नागेश, कोमल साहू कृषक मित्र उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी के आगमन को लेकर अभनपुर में उत्साह, जायजा लेने पहुंचे सचिन पायलट

**अभनपुर**। अभनपुर अग्रवाल अलका भवन मे आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम की तैयारियो को लेकर छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के साथ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव आदि दिग्गज नेता दिनभर कार्यक्रम स्थल में मौजूद रहे। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम मे 21 जून को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आने को लेकर अभनपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओ में भारी उत्साह का माहौल है प्रदेश सचिव प्रवीण साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं तथा जगह-जगह बैनर पोस्टर लगाने की प्रतिस्पर्धा हो रही है हालंकि इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के स्वागत के लिए स्थानीय नेताओं को मौका मिलेगा की नहीं यह अभी तक स्पष्ट नहीं है फिर भी लोग अपने अपने स्तर पर जगह जगह स्वागत की तैयारी भी की जा रही है। संगठन सृजन कार्यक्रम मे पहुंचे जिलाध्यक्षों की तिलक, गमछा व पुष्पगुच्छ के साथ पूर्व प्रदेशाध्यक्ष धनेन्द्र साहू द्वारा स्वागत किया गया।











## वनांचल में हरे सोने की बहार

**मैनपुर**। इन दिनों मैनपुर वनांचल क्षेत्र में वनोपज साल बीज संग्रहण कार्य तेजगति से चल रहा है और साल की बेहतर उत्पादन के कारण गांव के गलियों सीसी सड़क तक में चारों तरफ सिर्फ साल बीज संग्रहण के बाद धूप सुखाते नजर आ रहे है। यह तस्वीर ग्राम नवमुड़ा में ली गई है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बिजली बिलों के बढ़ते बोझ से जनता त्रस्तः रामकृष्ण ध्रुव



**मैनपुर।** प्रदेश में बढ़ती महंगाई के बीच आम जनता पर बिजली बिलों का बढ़ता बोझ गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रें में बड़ी संख्या में उपभोक्ता भारी-भरकम बिजली बिलों से आम बिजली उपभोक्ता परेशान हैं। सामान्य बिजली खपत के बावजूद उन्हें अपेक्षा से अधिक राशि के बिल प्राप्त हो रहे हैं, जिससे आम जनता के घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने विज्ञप्ति में आगे कहा है भाजपा सरकार जनता को राहत देने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत दिखाई दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई, बढ़ती आवश्यक वस्तुओं की कीमतों और बिजली बिलों के अतिरिक्त बोझ ने गरीब, किसान, मजदूर, छोटे व्यापारियों एवं मध्यम वर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। श्री ध्रुव ने कहा कि प्रदेश की जनता आज दोहरी मार झेल रही है।

### छुरा की याशिका कौर बनीं गरियाबंद जिला छात्रा प्रमुख



**छुरा।** छत्तीसगढ़ के प्रयाग कहे जाने वाले राजिम में विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग का आयोजन प्रेम रतन पैलेस में 12 से 15 जून तक किया गया, जिसमें प्रदेश भर से 381 कार्यकर्ता एवं छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए इस दौरान वर्ग के अंतिम दिवस गरियाबंद जिले के छुरा क्षेत्र की प्रतिभाशाली छात्रा याशिका कौर को जिला छात्रा प्रमुख का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। याशिका कौर वर्तमान में आईएसबीएम विश्वविद्यालय की छात्रा हैं तथा गरियाबंद जिले के मुड़ागांव की निवासी कवलजीत सिंग दत्ता की सुपुत्री हैं। विद्यार्थी परिषद के प्रति उनकी सक्रियता, संगठनात्मक कार्यों में सहभागिता एवं छात्रहित के विषयों पर निरंतर कार्य को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई है। याशिका कौर के जिला छात्रा प्रमुख मनोनीत होने पर क्षेत्र के विद्यार्थियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों एवं परिषद कार्यकर्ताओं में हर्ष का वातावरण है।

### तुमगांव स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**महासमुंद।** शिक्षा सत्र 2026-2027 के शुभारंभ के अवसर पर शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में प्रवेश उत्सव बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि राकेश तिवारी एवं पार्षद शिव यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही पालकगणों में विमला बांधे, कुसमा कुर्रे, धनेश्वरी, कुमारी धीवर, परमानंद धीवर, रजवंतीन पटेल, शकुंतला, पिंकी जांगड़े, दीपिका निर्मलकर, नीरा, नर्मदा, उषा, चमारीन, रेवती पटेल एवं भागबती यादव सहित अन्य अभिभावक उपस्थित रहे।

**मनमोहक नजारा : उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में दिखा कुदरत का मनमोहक नजारा**

# तीन हजार फीट की ऊंचाई पर बने कृत्रिम जलस्रोत में अठखेलियां करते दिखे गजराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले से प्रकृति प्रेमियों और वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक बेहद खूबसूरत खबर सामने आई है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के घने जंगलों में हाथियों का एक ऐसा दृश्य कैमरे में कैद हुआ है, जिसने हर किसी का मन मोह लिया है। गर्मी से राहत पाने के लिए पानी में उतरकर अठखेलियाँ करते गजराजों का वीडियो ट्रैप कैमरे में रिकॉर्ड हुआ है। जंगल की प्राकृतिक सुंदरता के बीच हाथियों का यह मस्ती भरा अंदाज अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। भीषण गर्मी के बीच वन्यजीवों को पानी की कमी से बचाने के लिए उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन विभाग ने लगभग 3 हजार फीट की ऊंचाई वाले दुर्गम क्षेत्रों में कृत्रिम जलस्त्रोत विकसित किए हैं। इन जलस्त्रोतों में नियमित रूप से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे हाथी समेत अन्य वन्यजीवों को राहत मिल रही है। ट्रैप कैमरे में कैद गजराजों की अठखेलियाँ इन प्रयासों की सफलता की कहानी बयां कर रही हैं। वन विभाग का यह कदम वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



**पानी में मस्ती करते दिखे गजराज**

ट्रैप कैमरे में कैद फुटेज में हाथियों का झुंड जलस्रोत के पास पहुंचता दिखाई देता है। इसके बाद वे पानी में उतरकर घंटों तक अठखेलियाँ करते नजर आते हैं। कोई पानी उछालता दिखा तो कोई अपने साथियों के साथ खेलता दिखाई दिया। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि भीषण गर्मी के दौरान हाथी अक्सर जलस्रोतों का सहारा लेते हैं, लेकिन इस तरह के सहज और प्राकृतिक व्यवहार का कैमरे में कैद होना बेहद खास माना जाता है।

**उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के ट्रैप कैमरे में कैद हुआ दुर्लभ नजारा**

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लगाए गए ट्रैप कैमरों में यह मनमोहक दृश्य रिकॉर्ड हुआ। कैमरे में कैद तस्वीरें और वीडियो न केवल जंगल की जैव विविधता को दर्शाते हैं बल्कि यह भी बताते हैं कि रिजर्व क्षेत्र में वन्यजीवों के लिए प्राकृतिक संसाधन सुरक्षित हैं। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया। वीडियो सामने आते ही वन्यजीव प्रेमियों और सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे खूब पसंद किया। कई लोगों ने इसे प्रकृति का अद्भुत और सुकून देने वाला दृश्य बताया। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की विशेषता यह है कि यह केवल हाथी, बाघ, तेंदुआ, वन भैंसा तथा अन्य असंख्य वन्य प्रजातियों का ही आश्रय नहीं है, बल्कि इसके भीतर एवं आसपास 100 से अधिक गांव भी स्थित हैं। अतः यहां वन्यजीवों और स्थानीय समुदायों दोनों का संरक्षण समान रूप से महत्वपूर्ण है। सुपर एल-नीनो की संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए यूएसटीआर द्वारा निम्नलिखित सक्रिय उपाय किए जा रहे हैं।

### सिस्टम दुरुस्त नहीं होने से शिक्षक हो रहे प्रताड़ित



**छुरा।** छुरा के ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश कुमार शर्मा ने विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए संचालित वीएसके एप में लगातार आ रही तकनीकी समस्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। संघ का कहना है कि एक ओर वीएसके एप में आईडी एक ही स्थान पर मिसमैच, लॉगिन इन की जगह लॉगिन आउट शो हो रहा है मोबाइल मिस मैच, लॉगिन फैल, अत्यधिक लोडिंग टाईम तथा शाला स्थल में चेक इन करने पर भी शाला से 2 किमी, 5 किमी दूरी बताना व अन्य तकनीकी त्रुटियों के कारण शिक्षक उपस्थिति दर्ज करने में कठिनाईयों का सामना कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर विभाग द्वारा उपस्थिति दर्ज नहीं होने की स्थिति में वेतन रोकने जैसी चेतावनियां जारी की जा रही हैं। संघ का आरोप है कि विभाग का ध्यान तकनीकी खामियों को दूर करने के बजाय शिक्षकों पर दबाव बनाने और दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी देने पर अधिक केंद्रित दिखाई दे रहा है। तकनीकी कारणों से उत्पन्न समस्याओं के लिए शिक्षकों को जिम्मेदार ठहराना न्यायोचित नहीं है। इससे शिक्षकों में असुरक्षा, तनाव एवं मानसिक प्रताड़ना की स्थिति निर्मित हो रही है। संघ ने मांग की है कि वीएसके एप की सभी तकनीकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए तथा जब तक सिस्टम पूर्ण रूप से सुचारू एवं त्रुटिरहित नहीं हो जाता, तब तक उपस्थिति दर्ज नहीं होने के आधार पर किसी भी शिक्षक का वेतन रोकने अथवा दंडात्मक कार्रवाई करने संबंधी आदेशों पर रोक लगाई जाए। तथा उपस्थिति मैनुअल स्वीकार किया जावे।




# गोदग्राम बिजली के 60 किसानों ने लिया जैविक कृषि का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

राज्य शासन द्वारा संचालित खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत रायपुर स्थित कृषि महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित एक दिवसीय जैविक एवं प्राकृतिक कृषि कार्यशाला में विकासखण्ड फिंगेश्वर के राज्यपाल गोदग्राम बिजली के 60 किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला में किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती की नवीन तकनीकों, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, जैविक आदानों के निर्माण, प्राकृतिक कीट प्रबंधन तथा कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त करने के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि जैविक खेती पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने और किसानों की आय में वृद्धि करने का प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं जनपद सदस्य श्री नंदू राम यादव ने किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया। सभागार में राज्यपाल गोद ग्राम के समृद्ध प्रगतिशील किसान नंदू यादव का सम्मान किया गया।

**किसानों ने लिया जैविक खेती का संकल्प-** उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज और समृद्ध कृषि व्यवस्था के निर्माण में जैविक खेती की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा किसानों को इसके लाभों का अधिकाधिक उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में राज्यपाल गोदग्राम बिजली के किसानों का नेतृत्व एवं समन्वय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी केआर वर्मा एवं तरुण कुमार साहू द्वारा किया गया। दोनों अधिकारियों ने किसानों को कार्यशाला में सहभागिता के लिए प्रेरित किया तथा शासन की कृषि हितैषी योजनाओं एवं जैविक खेती से होने वाले लाभों की जानकारी दी। कार्यशाला में शामिल किसानों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए अपने गांवों में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। किसानों ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होंगे।

# भाजपा की जिला स्तरीय प्रदर्शनी, स्वच्छता दीदियों और विशिष्टजनों का हुआ सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण के तत्वावधान में प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय प्रदर्शनी कार्यक्रम नेहरू घाट स्थित सामुदायिक भवन में रखा गया था। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इन 12 वर्ष में किये गए विकास व जनकल्याणकारी कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई थी जिसका उदघाटन प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष श्रीराम गर्ग ने किया। इस अवसर पर उनके साथ विधायक इंद्रकुमार साहू, प्रदेश भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ,पूर्व कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर साहू, सुरेंद्र पाटनी, भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला महामंत्री संतोष शुक्ला, ललिता वर्मा, जिला कार्यालय मंत्री बुद्धेश्वर वर्मा,नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, जिला प्रदर्शनी प्रभारी विजय गोयल व उत्पल साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जा रहे हैं, इसी कड़ी में यह विशेष आयोजन रायपुर जिले अंतर्गत नवापारा क्षेत्र में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा कोषाध्यक्ष श्रीराम गर्ग, विधायक इंद्रकुमार साहू, भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाज व पूर्व कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर साहू ने इसे उपलब्धियों से भरा बताया। 12 वर्षो में जो जनकल्याणकारी कार्य संचालित हुए व सभी एतेहासिक रहा हैं। सभी ने इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा नवापारा पालिका क्षेत्र अंतर्गत आने वाले तर्री, गोबरा व मुक्तिधाम मणिकंचन सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदियों प्रेमिका ध्रुव, ममता सिन्हा, चित्ररेखा साहू, उषा मानिकपुरी, प्रभा सतनामी, सी यशोदा साहू का साड़ी प्रदान कर सम्मान किया। साथ ही शहर के विशिष्टजनों के सम्मान कार्यक्रम तहत नगर के वरिष्ठ नाड़ी वैद्य चिकित्सक व समाजसेवी डॉ. राजेंद्र गदिया, कंसारी समाज से जनक कंसारी व भाजपा नेता पारस गोलछा का उनके निवास स्थान जाकर शॉल श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया. साथ ही सभी ने स्वर्गीय रतिराम साहू निवास जाकर अपनी सांत्वना प्रकट की फिर गोयल निवास पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जिला प्रदर्शन प्रभारी विजय गोयल ने किया व मंच संचालन मुकुंद मेश्राम ने किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता मुकुंद मेश्राम, सिंटू सौरभ जैन, अनुज सिंह राजपूत, अशोक गंगवाल, मनीष चौधरी, रमेश पहाड़ियां, माया राम साहू,किशन साहू, नवल साहू, अनिल अग्रवाल, धनपति साहू,अन्नपूर्णा देवांगन, योगिता सिन्हा, तनु मिश्रा, सहित पत्रकारगण बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता प्रदर्शनी कार्यक्रम में उपस्थित थे।



### वार्ड नं 8 में ओमकुमारी ने की सीसी रोड का भूमिपूजन

**नवापारा-राजिम।** शहर के वार्ड नं 8 भोईपारा में 8 लाख 20 हजार के सीसी रोड का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भुपेन्द्र सोनी, वार्ड पार्षद सभापति केकती सोनवानी, सभापति रवि साहू, उमा कंसारी, डिलन कावले, विक्रम कहार, सुनील सोनवानी, सुदामा भोई, रामसिंग भोई, अवध चक्रधारी सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में हसदा-2 स्कूल की चार छात्राओं का चयन

**मुड़ागांव(कोरासी)।** केंद्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित राष्ट्रीय सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हसदा-2 के चार विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्राएं पूजा चेलक, चन्द्रकला चेलक, पल्लवी ध्रुव एवं नम्रता साहू का चयन इस प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 12,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि विद्यालय में पिछले चार वर्षों से लगातार विद्यार्थियों का इस परीक्षा में चयन हो रहा है, जो विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का परिणाम



है। इस उपलब्धि पर चयनित छात्राओं एवं संबंधित शिक्षकों प्रभारी प्रधान पाठक गायकवाड़, मोनिका साहू, पूर्णिमा साहू, एके साहू, डी. सिन्हा, डी. नेताम तथा टीके साहू को विद्यालय के प्राचार्य एलएन साहू, सरपंच शशिप्रकाश साहू, स्कूल स्टाफ, पंचायत के पंचगण एवं ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अनुपम देन है योग : धनंजय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम पर 12 वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समूचे विश्व में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा ने जिलेवासियों को विश्व योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। योगविद् सिन्हा ने कहा कि योग हमारी सनातन संस्कृति है, ऋषि मुनियों की अनुपम देन है। योग मात्र व्यायाम नहीं बल्कि स्वयं के साथ विश्व और प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है। हमारी भारतीय परंपरा एवं संस्कृति में योग का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। योग की शक्ति के बदौलत आज भारत समूचे संसार में पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित हुआ है। पतंजलि परिवार जिला गरियाबंद अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को धूमधाम के साथ मनाने हेतु उत्साहित है। सिन्हा ने बताया कि जिला मुख्यालय, सभी तहसील मुख्यालय, जिला जेल परिसर, सभी शासकीय, अशासकीय कार्यालय, विद्यालयों, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, धार्मिक एवं सामरिक महत्व के सभी केन्द्रों, ग्राम पंचायत, थाना परिसर, आयुर्वेदिक चिकित्सालय आदि जगहों पर पतंजलि परिवार के योगाचार्यों के द्वारा प्रोटोकॉल का संचालन किया जाएगा। भारत स्वाभिमान न्यास जिला संरक्षक यशवंत यादव, सह राज्य प्रभारी भानुप्रताप साहू, जिला प्रभारी संतराम कंवर, शंकर लाल यदु, महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी मिलेश्वरी साहू, बिंदु सिन्हा, पतंजलि युवा भारत जिला प्रभारी मिथलेश सिन्हा, जिला योग प्रचारक गणेश आजाद, ललित साहू, युगलकिशोर साहू, हेमलाल पटेल, देवनारायण यदु, भोज पटेल, नरेंद्र साहू, घनश्याम सिन्हा, कीर्ति तारक, नितेश साहू, भागवत साहू, शारदा सिन्हा, विजयलक्ष्मी साहू, मीना यादव, फनेंद्र साहू, प्रवीण सिन्हा आदि योग साधक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

**खेतों की साफ-सफाई और जुताई कर तैयार बैठे हैं अन्नदाता**

# मानसून की बेरुखी से थमी खेती-किसानी, उमस और गर्मी से हर कोई बेहाल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

जून माह अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है, लेकिन क्षेत्र में अब तक अपेक्षित बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। आसमान में बादलों की आवाजाही और मौसम में बदलाव के बावजूद झमाझम बारिश का इंतजार खत्म नहीं हो पा रहा है। बारिश की राह देखते-देखते किसान, ग्रामीण, पशु-पक्षी और आमजन सभी परेशान हैं। उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है और हर कोई मानसून की पहली अच्छी बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। क्षेत्र के अधिकांश किसान खेती-किसानी की तैयारियां करने पूरी तरह तैयार है खेतों की साफ-सफाई, जुताई और अन्य आवश्यक कार्य करने तैयार है, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण बुवाई, जोताई, सफाई का कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। किसान उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जैसे ही अच्छी बारिश होगी, वे खेतों में उतरकर जोताई, सफाई, धान बोवाई सहित अन्य फसलों की




बुवाई प्रारंभ कर देंगे। दूसरी ओर स्कूल खुल चुके हैं और लंबे अवकाश के बाद बच्चे उत्साह के साथ विद्यालय पहुंच रहे हैं। बच्चों के चेहरों पर नई कक्षाओं और नए सत्र की खुशी दिखाई दे रही है, लेकिन मौसम की उमस और गर्मी उन्हें भी परेशान कर रही है।

**सूने पड़े हैं पर्यटन और धार्मिक स्थल-** ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे और खपरैल मकानों वाले परिवार भी बारिश के आगमन की तैयारी में जुट गए हैं। लोग अपने घरों की



छतों की मरम्मत कर रहे हैं ताकि बारिश के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कई गांवों में खपरैल बदलने, छतों की मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था सुधारने का कार्य तेजी से चल रहा है। बारिश नहीं होने का असर पशु-पक्षियों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। बढ़ती गर्मी और उमस के कारण पशु-पक्षी भी परेशान हैं और जलस्त्रोतों के आसपास भटकते नजर आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नाले और अन्य जलस्त्रोत



अभी तक पूरी तरह नहीं भर पाए हैं, जिससे आने वाले दिनों को लेकर चिंता बनी हुई है।

वहीं क्षेत्र के कई पर्यटन स्थल व धार्मिक स्थल, भी मानसून की राह देख रहे हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थानों की खूबसूरती बारिश के बाद ही निखरती है। झरने, पहाड़ियां, वन क्षेत्र और प्राकृतिक स्थल बारिश के पानी से जीवंत हो उठते हैं, लेकिन अभी वे भी सूने और शांत दिखाई दे रहे हैं।